# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

(1)


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 314 | बिजौलिया - सोमवार, 25 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


# राजस्थान-मध्यप्रदेश बॉर्डर पर 40 फीट गहरी खाई में गिरी लोक परिवहन बस

## कांस्या घाट के खतरनाक मोड़ पर हादसा, 32 यात्री घायल













**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान-मध्यप्रदेश बॉर्डर क्षेत्र में रविवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब बिजोलिया से सिंगोली जा रही लोक परिवहन शिवशक्ति ट्रेवल्स की यात्री बस कांस्या के समीप स्थित खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई तथा मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में 32 यात्री घायल हो गए, जिनमें कई महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे भी शामिल हैं। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।
जानकारी के अनुसार लोक परिवहन शिवशक्ति ट्रेवल्स की बस रविवार दोपहर करीब 1:40 बजे बिजोलिया से सिंगोली की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों एवं बस में सवार यात्रियों गोपाल पुत्र पूसा निवासी भिनाय जिला अजमेर तथा जमनाबाई पत्नी भागचंद निवासी अजमेर ने बताया कि बस चालक घाट क्षेत्र में तेज रफ्तार से बस चला रहा था। यात्रियों के अनुसार बस की गति करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे थी। कांस्या के समीप घाट के खतरनाक मोड़ पर अचानक चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस सड़क किनारे गहरी खाई में उतर गई।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय ग्रामीण एवं राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। कई घायलों को खिड़कियों एवं टूटे हुए हिस्सों के जरिए बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही सिंगोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सिंगोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।वहीं बिजोलिया थाना क्षेत्र की कांस्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल के नेतृत्व में कांस्टेबल रणजीत एवं नरेन्द्र भी तत्काल घटनास्थल पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए कई घायलों को अपनी निजी कार से अस्पताल पहुंचाया तथा मध्यप्रदेश प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया।
सिंगोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. लोकेश पाटीदार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हादसे की सूचना मिलते ही निजी चिकित्सक डॉ. अर्जुन धाकड़, डॉ. रईस पठान सहित अन्य चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ भी अस्पताल पहुंच गया और उपचार व्यवस्था संभाली। कुछ गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कोटा, भीलवाड़ा एवं नीमच रेफर किया गया है। घटना मध्यप्रदेश क्षेत्र में होने के कारण मामले की जांच सिंगोली पुलिस थाना द्वारा की जा रही है। हादसे के चलते कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।
इस हादसे के बाद क्षेत्रवासियों में लोक परिवहन बसों की सुरक्षा एवं फिटनेस को लेकर नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने परिवहन विभाग एवं आरटीओ प्रशासन से मेघनिवास-बिजोलिया, सिंगोली-भीलवाड़ा तथा बेगूं-रावतभाटा मार्ग पर संचालित बसों की फिटनेस, परमिट, मॉडल एवं तकनीकी स्थिति की विशेष जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

**हादसे में घायल हुए यात्री**

देवीलाल पुत्र गणेश निवासी सोडीजर, मांगीबाई पत्नी देवीलाल निवासी सोडीजर, नफीस पुत्र कमरुद्दीन निवासी शाहपुरा, अफसाना पत्नी इम्तियाज निवासी भीलवाड़ा, निधि पुत्री मनीष निवासी उदयपुर, कृष्णा पुत्र प्रहलाद निवासी बड़ी, विकास पुत्र राजू निवासी भीलवाड़ा, शकुंतला पत्नी नवल निवासी सिंगोली, शारदा पत्नी सूरज निवासी रावतभाटा, पिंकी पत्नी गोविंद निवासी रामनगर, कैलाश पुत्र गोपाल निवासी पटियाल, गोपाल पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी पटियाल, भावना पत्नी राहुल निवासी सिंगोली, धर्मराज पुत्र भेरूलाल निवासी अजमेर, सोनू पुत्र संजय निवासी हमीरगढ़, गोपाल पुत्र पूसा निवासी सरगांव, जमनाबाई पत्नी भागचंद निवासी अजमेर, नेहा कुंवर पत्नी समंदर निवासी भीलवाड़ा, गीताबाई पत्नी भंवर निवासी भीलवाड़ा, रेशमा पत्नी बाबू निवासी भीलवाड़ा, कांशीराम पुत्र तुलसीराम निवासी डूंगरिया, सुरेश पुत्र भागचंद निवासी अजमेर, गीता पत्नी पपूलाल, प्रेमबाई पत्नी हजारीलाल निवासी गणेशपुरा, मोहनलाल पुत्र कालूराम निवासी रावतभाटा, छोटीबाई पत्नी मोहनलाल निवासी रावतभाटा, इंदरमल पुत्र सोमराज निवासी रामपुरा, अरमान पुत्र पीरू निवासी भीलवाड़ा, कलाबाई पत्नी मांगीलाल निवासी धाकड़ी, रोड़मल पुत्र मांगीलाल निवासी बोलाई, माया पत्नी महेन्द्र निवासी भीलवाड़ा एवं मांगीबाई पत्नी बद्रीलाल निवासी सिंगोली घायल हुए।

# हनुमान मंदिर के बाहर बकरे के अवशेष मिलने से तनाव, हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

## मार्ग जाम कर धरने पर बैठे कार्यकर्ता, कार्रवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



**पुनीत चपलोत।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक हनुमान मंदिर के बाहर रविवार को बकरे के अवशेष मिलने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।
आक्रोशित लोगों ने सोलंकी टॉकीज मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर धरना शुरू कर दिया।





सूचना पर सीओ सिटी सज्जन सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी हनुमान चौधरी सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया।
हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि शहर में लगातार धार्मिक भावनाएं भड़काने की घटनाएं हो रही हैं। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने कहा कि पूर्व में भी मंदिरों के बाहर आपत्तिजनक घटनाएं हो चुकी हैं तथा हाल ही में देवस्थानों पर तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं। उन्होंने प्रशासन से मामले का जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।
संगठनों ने चेतावनी दी कि जब तक मामले का खुलासा नहीं होता और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अवैध मादक प्रदार्थ तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 310 किलो अफीम डोडा चूरा जब्त , तस्कर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी किआ सेल्टोस कार से 310.840 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 47 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए।
थानप्रभारी स्वागत पांड्या ने बताया की पुलिस को सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा बेगूं क्षेत्र से आ रही एक संदिग्ध कार का पीछा किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की गई। इसी दौरान आरोली गांव के समीप नेशनल हाईवे-27 से नीचे उतरी हुई




सफेद रंग की किआ सेल्टोस कार संदिग्ध अवस्था में मिली।
पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कार में सवार तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग चुके थे। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को पीछे की सीट के नीचे कट्टों में भरा भारी मात्रा में अवैध अफीम डोडा चूरा मिला। नियमानुसार जांच में कुल 19 कट्टों से 310.840 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ।
पुलिस ने मादक पदार्थ एवं कार को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार तस्करों की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं।

# निम्बाहेड़ा जाटान में कलश यात्रा से आग़ाज़ होगा आज श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिले के निम्बाहेड़ा जाटान ग्राम स्थित बस स्टैंड परिसर में 25 मई से भव्य 'श्रीमद् भागवत कथा रस महोत्सव' का शुभारंभ होगा। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 31 मई तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कथा प्रारंभ से पूर्व रविवार 25 मई को सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ शामिल होंगे। यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा।

महोत्सव में व्यास पीठ से निम्बार्क आश्रम गांधी नगर भीलवाड़ा एवं वृंदावन धाम के पूज्य महंत श्री मोहन शरण जी महाराज अपने श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा के दौरान भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का श्रद्धालुओं को श्रवण कराया जाएगा।

आयोजक गोपाल लाल तिवारी ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने एवं धर्ममय वातावरण में सहभागी बनने की अपील की है।

कथा आयोजन को लेकर ग्राम में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

# पत्थरों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली बनी काल, मोपेड सवार दो की मौत

## मोक्षधाम के पास दर्दनाक हादसा, चालक फरार; नगर में बेखौफ दौड़ रहे कॉमर्शियल ट्रैक्टर-ट्रॉली बने खतरा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**





नगर के मोक्षधाम के समीप पार्श्वनाथ रोड पर रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने एक बार फिर नगर में बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोडिंग वाहनों और कृषि साधनों के व्यवसायिक उपयोग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्थरों से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोपेड सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कस्बा चिकित्सालय की मोर्चरी भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गोविंदपुरा के उम्मेदरामजी का खेड़ा निवासी विनोद उर्फ मनोज पुत्र किशनलाल भील (22) एवं सोजी राम पुत्र खेमराम भील (50) के रूप में हुई है। दोनों बिजोलिया अस्पताल से उपचार करवाकर गांव लौट रहे थे, तभी पार्श्वनाथ रोड पर हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

**कृषि साधनों का कॉमर्शियल उपयोग बना खतरा**

क्षेत्र में लंबे समय से कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का खुलेआम व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। पत्थर, बजरी और निर्माण सामग्री से भरे ओवरलोड वाहन दिनभर नगर की सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। तेज गति, लापरवाही और सुरक्षा नियमों की अनदेखी के चलते ये वाहन लगातार हादसों को न्योता दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में भारी एवं लोडिंग वाहनों के प्रवेश पर प्रभावी प्रतिबंध नहीं होने से स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। सैकड़ों ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और अन्य लोडिंग वाहन प्रतिदिन मुख्य मार्गों से बेखौफ होकर गुजर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

लोगों ने आरोप लगाया कि बिना जांच और सुरक्षा मानकों के चल रहे ये वाहन आमजन की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्त कार्रवाई, कृषि साधनों के व्यवसायिक उपयोग पर रोक तथा नगर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने की मांग की है।

# तहसील माहेश्वरी सभा कोटड़ी के चुनाव सम्पन्न, महावीर काबरा अध्यक्ष व पुष्पेंद्र काबरा मंत्री निर्वाचित



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**बबलू पोखरना**

तहसील माहेश्वरी सभा कोटड़ी के चुनाव रविवार को महेश भवन पारोली में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया जिला पर्यवेक्षक अनिल कुमार जाजू एवं अमित बिरला तथा चुनाव अधिकारी कमल बांगड़ एवं सुरेंद्र मूदंडा के निर्देशन में संपन्न कराई गई।

चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर महावीर कुमार काबरा तथा मंत्री पद पर पुष्पेंद्र कुमार काबरा का चयन किया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश मूदंडा, कोषाध्यक्ष पद पर इंद्रमल लढा, संयुक्त मंत्री पद पर जमनालाल कास्ट तथा संगठन मंत्री पद पर शिव प्रकाश पोरवाल निर्वाचित हुए। इसके अलावा जिला प्रतिनिधि के लिए गोपाल कृष्ण पोरवाल, घनश्याम राठी, इंद्रमल लढा, शिवनारायण काबरा एवं घीसूलाल सोमानी का चयन किया गया।

नव निर्वाचित मंत्री पुष्पेंद्र कुमार काबरा ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी अध्यक्ष के नेतृत्व में समाज की एकता, प्रगति एवं उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी तथा सामाजिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन पर समाजजनों ने शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संगठन शक्ति और चुनावी रणनीति का प्रदर्शन

## मदन राठौड़ बोले- जमानत पर चल रहे लोग देश के लिए खतरा, अर्जुनराम मेघवाल ने अंत्योदय को बताया भाजपा की मूल विचारधारा





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचंद पेसवानी**

जहाजपुर में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर में संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक प्रतिबद्धता और आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित शिविर को भाजपा की चुनावी तैयारियों के अहम पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है।

समापन सत्र में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि घोटाले कर जमानत पर चल रहे लोग देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य करती है। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से राष्ट्रवाद और संगठन की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

दसवें सत्र में केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने अंत्योदय, एकात्म मानववाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भाजपा की मूल आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना ही भाजपा की राजनीति का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाकर योजनाओं का लाभ दिलाने का आह्वान किया।

पूर्व मंत्री अनीता भदेल ने 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान को चुनाव जीतने का मूल मंत्र बताते हुए बूथ समितियों को सक्रिय करने और मतदाता सूची पुनरीक्षण पर जोर दिया। वहीं महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री मुकेश कंवर ने सोशल मीडिया और एआई के जरिए पार्टी की विचारधारा को प्रभावी तरीके से प्रसारित करने का प्रशिक्षण दिया। कार्यकर्ताओं को फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से पार्टी की गतिविधियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

शिविर में संगठनात्मक अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की भी झलक देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने स्वयं व्यवस्थाएं संभाली, प्लास्टिक मुक्त आयोजन किया गया तथा कुल्हड़ों का उपयोग किया गया। महापुरुषों के नाम पर कक्षों का नामकरण भी आकर्षण का केंद्र रहा। राष्ट्रीय मुद्दों और संगठन के इतिहास पर आधारित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन प्रमाण पत्र दिए गए। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने कहा कि जहाजपुर का यह शिविर संगठनात्मक मजबूती, बूथ प्रबंधन और डिजिटल प्रचार के समन्वय का प्रभावी उदाहरण साबित हुआ।

# त्रिवेणी संगम पर आज होगा 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन-अभियान का शुभारंभ

## जल पूजन, कलश यात्रा, जलाभिषेक व पौधारोपण सहित होंगे विभिन्न आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान 2026' के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह 8 बजे त्रिवेणी संगम पर किया जाएगा। कार्यक्रम में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन होगा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत समारोह से होगी। इसके बाद जल पूजन, कलश यात्रा, जलाभिषेक, पौधारोपण एवं पीपल पूजन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मंच संबोधन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 25 मई से 5 जून तक जिलेभर में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, जल प्रदूषण के प्रति जागरूकता, बेहतर जल उपयोग, स्वच्छता एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे। प्रशासन ने जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# दो दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सम्पन्न, सैकड़ों मरीजों ने लिया लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**



आयुर्वेद विभाग एवं खजूरिया श्याम भेरुनाथ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आयुर्वेद परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का समापन हुआ। शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर प्रभारी डॉ. सतीश चंद शर्मा ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी एवं प्रेगनेंसी टेस्ट सहित विभिन्न जांच सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। दो दिनों में कुल 255 जांचें की गई तथा 377 मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं।

शिविर में डॉ. ओम प्रकाश बोहरा, डॉ. हरीश कुमार केडिया सहित चिकित्सा स्टाफ एवं योग प्रशिक्षकों ने सेवाएं दीं।

# साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर आज सड़कों पर उतरेगा सकल जैन समाज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**मानव तिवाड़ी।** मध्यप्रदेश के रीवा नगर में हाल ही में पदविहार के दौरान कार की टक्कर से दो जैन आर्यिका माताजी के समाधिमरण होने की घटना को लेकर देशभर में जैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में साधु-संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा विशाल मौन रैली निकाली जाएगी। इस आयोजन को अन्य समाजों का भी समर्थन मिल रहा है। जानकारी के अनुसार सकल जैन समाज बिजौलियां के तत्वावधान में सोमवार सुबह 9:30 बजे नगर के पंचायत चौक में दिगंबर एवं श्वेतांबर समाज के समाजबंधु एकत्रित होंगे। इसके बाद सभी समाजजन मौन रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंचेंगे, जहां मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में पदविहार करने वाले जैन साधु-संतों एवं साध्वियों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने, रीवा घटना की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए ठोस सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई जाएगी।

# खेत पर सिंचाई के दौरान करंट लगने से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां ।**

कोठियां गांव में सिंचाई के दौरान करंट लगने से एक किसान की रविवार को मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया की कोठियां निवासी 60 वर्षीय कमरुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन रविवार सुबह करीब 10 बजे अपने खेत पर कपास की फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान मोटर चालू करने के लिए स्टार्टर संचालित करते समय अचानक उसमें करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा ।

घटना के समय उनका बड़ा पुत्र मुराद भी खेत पर मौजूद था। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से कमरुद्दीन को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलियाकलां ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पुत्र अहमद नूर की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



QUICK BITES

## भीलवाड़ा में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ का आगमन, भक्तमाल कथा में देंगे दिव्य प्रवचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मूलचन्द पेसवानी

ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज का भीलवाड़ा जिले में प्रस्तावित प्रवास कार्यक्रम तय हो गया है। उनके आगमन को लेकर धार्मिक श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। गृह विभाग एवं पुलिस महानिदेशक स्तर से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज 25 मई को अलीगढ़ जनपद के असरौई क्षेत्र से सड़क मार्ग द्वारा भीलवाड़ा के लिए रवाना होंगे और देर रात्रि तक उनके शहर पहुंचने की संभावना है। प्रवास अवधि के दौरान वे आटूण रोड स्थित ओमप्रकाश सेन के 'कमला पाम विला' में ठहरेंगे। उनका भीलवाड़ा प्रवास 31 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है।

इस दौरान 26 मई से 30 मई तक हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित भक्तमाल कथा कार्यक्रम में वे प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। कथा आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में संपन्न होगा। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

जगद्गुरु शंकराचार्य अपने प्रवास के दौरान भीलवाड़ा शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। उनके आगमन को सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना के लिए विशेष महत्व का माना जा रहा है। श्रद्धालुओं का मानना है कि उनके प्रवचन और सानिध्य से जिले में धर्म एवं संस्कृति के प्रति नई जागृति का वातावरण बनेगा।

## दो करोड़ की लागत से बने बाबा रामदेव मंदिर में 109 जोड़ों ने दी आहुतियां, धार्मिक माहौल में हुआ यज्ञ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



दिलखुश

ग्राम पिपलाज में रेगर समाज द्वारा नवनिर्मित भगवान बाबा रामदेव के भव्य मंदिर में मूर्ति स्थापना, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश स्थापना को लेकर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के तहत रविवार को दूसरे दिन विशाल यज्ञ एवं हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए इस भव्य मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

यज्ञाचार्य संत रामलाल जोजर एवं सह आचार्य नानूराम शक्करगढ़ के सानिध्य में 25 हवन कुंडों की वेदियों पर रेगर समाज के 109 जोड़ो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देकर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बिजली, पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा।

इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए संत रामलाल जोजर ने कहा कि यज्ञ एवं हवन से न केवल देवी-देवता प्रसन्न होते हैं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी वातावरण शुद्ध होता है। हवन में प्रयुक्त घी एवं जड़ी-बूटियों से निकलने वाला धुआं दूषित वातावरण को शुद्ध कर मानव जीवन के लिए लाभकारी सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ को मानव कल्याण का प्रेरक माना गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक यज्ञ का लाभ लेना चाहिए।

कार्यक्रम में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 25 मई को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश स्थापना कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल होंगे।

# गंगापुर में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' मैराथन आयोजित, युवाओं और बच्चों में दिखा उत्साह

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



राजस्थान पुलिस द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार सुबह 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा सागर राणा के निर्देशन में सुबह 7 बजे आयोजित हुआ, जिसमें पुलिस अधिकारियों, जवानों, युवाओं और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुद्धराज खटीक ने कहा कि 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' एक राष्ट्रव्यापी फिटनेस अभियान है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक साइकिलिंग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की अपील की।मैराथन को थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक रूप से सक्रिय जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है, ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

मैराथन सहाड़ा चौराहा स्थित पुलिस थाना परिसर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई सहाड़ा दरवाजा पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक रहा। विशेष रूप से युवा साथियों और बच्चों में कार्यक्रम को लेकर खासा जोश दिखाई दिया। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी जोगेन्द्र सिंह, दीवान शैतान सिंह, एएसआई नरेंद्र कुमार, विनोद, गोपाल सिंह, प्रकाश, रेवंत राम, चोखाराम, महिला कांस्टेबल श्रीमती सपना, सुश्री वर्षा, पीटीआई लक्की अग्रवाल, नवरतन चंदेल, अकरम सिंधी (टाइगर), राजमल जाट (राजू) सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

# शाहपुरा का आईना-प्रतापसिंह बारहठ की जयंती- 'क्या हम अपने शहीदों के सचमुच वारिस हैं ?

## त्रिमूर्ति स्मारक पर सन्नाटा और दिलों में उदासीनता, क्या यही है शहीदों के प्रति हमारा सम्मान ?

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा





मूलचन्द पेसवानी

शाहपुरा की मिट्टी में इतिहास सिर्फ किताबों में नहीं, सांसों में बसता है। यहां की हवाओं में बलिदान की गूंज है, यहां की गलियों में क्रांति की खुशबू है। इसी धरती ने एक ऐसा लाल जन्मा था, जिसने अपनी जवानी मातृभूमि के चरणों में अर्पित कर दी। नाम था कुंवर प्रताप सिंह बारहठ।

रविवार को शाहपुरा में उनकी 133वीं जयंती मनीयी। पूरे देश ने उनके त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। गुजरात के द्वारका जिले के खंभालिया में राष्ट्रीय स्तर पर 'अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ वंदना कार्यक्रम' आयोजित हुआ। जयपुर, कैकड़ी में व्यापक स्तर पर समारोह हुए। देश के कोने-कोने में उन्हें याद कर किया। लेकिन सवाल यह है कि जिस शाहपुरा ने उन्हें जन्म दिया, क्या वह अपने इस सपूत के प्रति अपना कर्तव्य निभा पा रहा है? यह प्रश्न इसलिए भी जरूरी है क्योंकि शाहपुरा में प्रताप सिंह बारहठ की स्मृतियों की कोई कमी नहीं है। यहां त्रिमूर्ति स्मारक है, राष्ट्रीय बारहठ संग्रहालय है, उनकी माताजी के नाम पर बालिका विद्यालय है, उनके नाम पर राजकीय पीजी कॉलेज है। हर पत्थर, हर दीवार, हर स्मारक यह बताता है कि यह शहर किसी साधारण व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक अमर क्रांतिकारी का जन्मस्थान है।

लेकिन विडंबना देखिए, जयंती के अवसर पर त्रिमूर्ति स्मारक पर कार्यक्रम हुआ, श्रद्धांजलि भी दी गई, माल्यार्पण भी हुआ, भाषण भी हुए। मगर वहां मौजूद लोगों की संख्या क्या थी? मात्र 18।

जी हां, लगभग 30 हजार की आबादी वाले शाहपुरा में केवल 18 लोग अपने शहीद को याद करने पहुंचे। यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हमारी संवेदनहीनता का आईना है। यह बताता है कि हम धीरे-धीरे अपने इतिहास से कटते जा रहे हैं।

सोचिए, अगर इसी स्थान पर कोई भजन संध्या होती, कोई डीजे नाइट होती, कोई राजनीतिक सभा होती या कोई मनोरंजन कार्यक्रम होता, तो क्या वहां सिर्फ 18 लोग होते? शायद नहीं। वहां भीड़ उमड़ पड़ती, कुर्सियां कम पड़ जातीं, सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो की भरमार हो जाती। लेकिन जब बात एक ऐसे क्रांतिकारी की आती है जिसने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, तब हम चुप क्यों हो जाते हैं?

क्या राष्ट्रभक्ति अब सिर्फ सोशल मीडिया स्टेटस तक सीमित रह गई है? क्या शहीदों को याद करना अब केवल सरकारी औपचारिकता बनकर रह गया है? सबसे पीड़ादायक बात तो यह रही कि बारहठ परिवार के नाम पर चल रही संस्थाओं के कई पदाधिकारी भी कार्यक्रम में नजर नहीं आए। यह अनुपस्थिति केवल व्यक्तियों की अनुपस्थिति नहीं थी, बल्कि उस भाव की अनुपस्थिति थी जो किसी समाज को अपने इतिहास से जोड़कर रखती है। अपने जीवन में क्रांतिकारी कुंवर प्रताप सिंह बारहठ ने कहा था 'मैं अपनी एक मां को हंसाने के लिए देश की हजारों माताओं को नहीं रुला सकता।' यह कोई सामान्य वाक्य नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म का सर्वोच्च संदेश था। एक बेटा अपनी मां के आंसुओं से ऊपर देश की माताओं के दर्द को रखता है, तब जाकर इतिहास उसे अमर बनाता है। लेकिन अफसोस कि उसी शहीद की जयंती पर शाहपुरा की चुप्पी कई सवाल छोड़ गई।

क्या हमारे बच्चों को पता है कि प्रताप सिंह बारहठ कौन थे? क्या स्कूलों में उनके विचारों पर चर्चा होती है? क्या युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले रही है? अगर नहीं, तो यह चिंता सिर्फ एक कार्यक्रम की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की है।

आज जरूरत केवल माल्यार्पण की नहीं है। जरूरत है कि प्रताप सिंह बारहठ को घर-घर तक पहुंचाया जाए। स्कूलों में उनके जीवन पर प्रतियोगिताएं हों, युवाओं के बीच व्याख्यान हों, शहर में विशाल स्तर पर जयंती मनाई जाए। जिस तरह अन्य शहर अपने महापुरुषों पर गर्व करते हैं, उसी तरह शाहपुरा को भी अपने इस अमर सपूत पर गर्व दिखाना होगा। क्योंकि इतिहास केवल स्मारकों से जीवित नहीं रहता, इतिहास लोगों की स्मृतियों और सम्मान से जीवित रहता है।

अगर शाहपुरा अपने शहीदों को भूल गया, तो आने वाली पीढ़ियां शाहपुरा को भूल जाएंगी। जिस शहर ने देश को प्रताप सिंह बारहठ जैसा क्रांतिकारी दिया, उस शहर की पहचान केवल बाजारों और राजनीति से नहीं, बल्कि अपने बलिदानियों के सम्मान से होनी चाहिए।

बड़ा सवाल यही है कि इस जयंती पर 18 लोग नहीं, पूरा शाहपुरा होना चाहिए था। हर घर में दीप जलना चाहिए था। हर बच्चे की जुबान पर प्रताप सिंह बारहठ का नाम होना चाहिए था। क्योंकि शहीद केवल इतिहास के पन्ने नहीं होते, वे किसी शहर की आत्मा होते हैं। और आत्मा की उपेक्षा कभी शुभ संकेत नहीं होती।

# सफाईकर्मियों के कार्य बहिष्कार से गंगापुर की सफाई व्यवस्था चरमराई

## दूसरे दिन भी नहीं उठा कचरा, बाजारों और मुख्य मार्गों पर लगे ढेर, लोगों ने जताई चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



नगरपालिका प्रशासन और सफाईकर्मियों के बीच चल रहे विवाद का असर अब शहर की सफाई व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। लगातार दूसरे दिन सफाईकर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। मुख्य बाजार, बस स्टैंड, सहाड़ा दरवाजा सहित कई इलाकों में कचरे के ढेर लग गए, जबकि नालियों की सफाई नहीं होने से कई स्थानों पर गंदगी फैल गई।

जानकारी के अनुसार सफाईकर्मियों में भीषण गर्मी के दौरान दोपहर की पाली में कार्य करने के निर्देशों एवं अधिकारियों के रवैये को लेकर नाराजगी बनी हुई है। इसी के विरोध में कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर उतर आए हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में सफाईकर्मी नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।इधर सफाई व्यवस्था ठप होने से शहरवासियों की चिंता भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि लंबे समय तक यही स्थिति बनी रही तो बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। खासकर मानसून नजदीक होने के बावजूद नालों एवं बड़ी नालियों की सफाई नहीं होने से आगामी बारिश में जलभराव और गंदगी की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द समाधान निकालने की मांग की है, ताकि सफाई व्यवस्था दोबारा पटरी पर लौट सके और आमजन को राहत मिल सके।

नगरपालिका की ओर से स्वच्छता को लेकर किए जा रहे दावों के बीच मौजूदा हालात कई सवाल खड़े कर रहे हैं। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन और कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय बनाकर जल्द समाधान निकाला जाना जरूरी है, ताकि गंगापुर शहर को गंदगी और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

## रात्या फायरिंग मामले में बढ़ा आक्रोश, गुर्जर समाज ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



दिलखुश

ग्राम रात्या में जमीनी विवाद को लेकर हुए फायरिंग एवं जानलेवा हमले के मामले ने अब सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर तूल पकड़ लिया है। रविवार को समस्त गुर्जर समाज ने सावर थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी को ज्ञापन सौंपकर रामप्रसाद गुर्जर एवं उसके परिवार पर हमला करने वाले आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की।

समाज के लोगों ने ज्ञापन में बताया कि 21 मई 2026 को ग्राम रात्या में रामप्रसाद गुर्जर एवं उसके परिवार पर हथियारों से फायरिंग कर तथा तलवारों से हमला किया गया था। घटना में परिवार के सदस्यों की जान पर खतरा बन गया था। बावजूद इसके तीन-चार दिन बाद भी कई आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार भयभीत है और समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

गौरतलब है कि इस मामले में सावर थाना पुलिस ने पहले त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त एक बोलेरो कार को भी बरामद किया था तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर दबिश दी जा रही थी। इसके बावजूद समाज के लोगों का कहना है कि नामजद अन्य आरोपी अभी भी गिरफ्त से बाहर हैं।

गुर्जर समाज ने पुलिस प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के कई लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महात्मा ज्योतिबा फुले मूर्ति अनावरण को लेकर माली समाज ने की तैयारियां शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

माली सैनी महासभा एवं माली समाज कोटड़ी के संयुक्त बैनर तले आगामी 13 जून को कोटड़ी सवाईपुर मार्ग चौराहा पर महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाजजन तैयारियों में जुट गए हैं। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के सामाजिक एवं न्याय मंत्री अविनाश गहलोत, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत तथा पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी की उपस्थिति प्रस्तावित है।कार्यक्रम की सफलता एवं समाज की उन्नति की कामना को लेकर महासभा के जिला अध्यक्ष मदनलाल सोपरिया के नेतृत्व में कोटड़ी माली समाज ने श्री चारभुजानाथ मंदिर कोटड़ी श्याम दरबार पहुंचकर भगवान के श्रीचरणों में श्रीफल, पुष्पमाला एवं तुलसी पत्र अर्पित किए तथा मत्था टेक कर आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की प्रार्थना की। राजस्थान प्रदेश महासचिव सम्पत कुमार सोपरिया ने बताया कि कार्यक्रम में जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र सहित भीलवाड़ा व अन्य जिले से माली समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा, महात्मा ज्योतिबा फुले मूर्ति अनावरण एवं आमसभा का आयोजन श्रीचारभुजा मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में संस्था के संरक्षक भेरूलाल सोपरिया, जगदीशचंद्र जझावरा, जिला मंत्री महावीर सोपरिया, तहसील अध्यक्ष भैरूलाल थुनवाल, ओमप्रकाश श्रीवाल, कैलाश लावड़ा, उदयलाल सोपरिया, सोहन कच्छावा, देवकरण सोपरिया, नारू कच्छावा, प्रभुलाल थुनवाल, गोविंद जझावरा, गोपाललाल सोपरिया, मोहन सोपरिया, घीसूलाल लावड़ा (भगवानपुरा) सहित समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया।



# भगवान की भक्ति के नौ स्वरूप मानव जीवन को सरल, सात्विक और ईश्वरमय बनाते है- महामण्डेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन

## -राम -भरत मिलाप के प्रसंग पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सनातन सेवा समिति के तत्वावधान एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में अधिकमास के अवसर पर चल रहे सेवा-सुमिरन प्रकल्प एवं पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आठवें दिवस हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन ने भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान भरत मिलाप के प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों एवं ओजस्वी प्रवचनों से सभागार भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

व्यासपीठ से स्वामी जगदीश दास उदासीन ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा, विनम्रता और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि परमात्मा सर्वज्ञ होते हुए भी अपनी लीलाओं में दूसरों को श्रेय देकर मानव समाज को विनम्रता का संदेश देते हैं। भगवान श्रीराम स्वयं सब कुछ जानते थे, फिर भी वन गमन के दौरान ऋषि-मुनियों से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने वनवास प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण वन की ओर प्रस्थान कर रहे थे, तब वे महर्षि भारद्वाज के आश्रम पहुंचे और अत्यंत विनम्रता के साथ आगे का मार्ग पूछा। भगवान का यह आचरण मानव जीवन को यह शिक्षा देता है कि ज्ञान और सामर्थ्य होने पर भी बड़ों एवं संतों का सम्मान करना चाहिए।

इसके पश्चात स्वामीजी ने वाल्मीकि आश्रम के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने महर्षि वाल्मीकि से वन में निवास हेतु उपयुक्त स्थान के बारे में पूछा। तब महर्षि वाल्मीकि ने चित्रकूट में निवास करने का सुझाव दिया। कथा में चित्रकूट की महिमा, वहां के प्राकृतिक सौंदर्य एवं तपोभूमि के महत्व का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा के दौरान चित्रकूट में राम -भरत मिलाप का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए स्वामी जगदीश दास ने बताया कि किस प्रकार भरतजी ने श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह किया, लेकिन भगवान श्रीराम ने पिता के वचन एवं धर्म पालन को सर्वोपरि मानते हुए वनवास पूर्ण करने का संकल्प निभाया। भरत और श्रीराम के प्रेम, त्याग एवं भाईचारे के इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास ने सती अनुसुइया प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि माता अनुसुइया ने माता सीता को नारी धर्म, पतिव्रत एवं आदर्श गृहस्थ जीवन की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को परिवार की मर्यादा एवं संस्कारों की धुरी माना गया है।

कथा में नवधा भक्ति का भी विस्तार से वर्णन किया गया। स्वामी जगदीश दास ने बताया कि भगवान की भक्ति के नौ स्वरूप मानव जीवन को सरल, सात्विक और ईश्वरमय बनाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से भक्ति, सेवा, सत्संग एवं नामस्मरण को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। श्रीराम ने वनवास के कठिन समय में भी धैर्य, मर्यादा और कर्तव्य का पालन करते हुए आदर्श प्रस्तुत किया। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे तथा पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे एवं कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।आज विष्णु



यज्ञ में राजा - वर्षा टिकयानी और वंदना - सुरेश केशवानी ने अपने विवाह की वर्षगांठ पर आहुतियाँ दी तथा एवं रुद्राभिषेक में हीरा लाल गुरनानी के पुत्री दामाद ने महादेव का अभिषेक किया।

पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम और संत गोविन्दराम ने सनातन धर्म के सभी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में बह रही धर्मगंगा की त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# श्री रामकथा अमृतवर्षाः कथा के दूसरे दिन भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

कस्बे के नरसिंह द्वारा मंदिर में आयोजित की जा रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा अमृतवर्षा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दूसरे दिन भगवान श्री राम के चरित्र और उनकी महिमा का वर्णन सुनकर पांडल में मौजूद भक्त भावविभोर हो गए और भजनों पर झूम उठे। कथा के मुख्य प्रवक्ता अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध संत धर्मेंद्र दास महाराज हैं। उन्होंने दूसरे दिन की कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए एक आदर्श है। उनके आदर्शों को जीवन में उतारने से ही मनुष्य का कल्याण संभव है। महाराज श्री ने संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ जब कथा के प्रसंग सुनाए, तो पूरा माहौल राममय हो गया। श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और भक्ति गीतों व भजनों की धुन पर जमकर थिरके। रामकथा को लेकर पूरे आसींद शहर और आस-पास के नगर में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल देखा जा रहा है। कथा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। मुख्य यजमानों सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ का पूजन कर महाराज श्री से आशीर्वाद लिया।आयोजन समिति के अनुसार, आसींद में चल रही इस भव्य श्री रामकथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जा रहा है। समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा अमृतपान करने का आग्रह किया है।



# मेगा टेक्सटाईल पार्क और एयर कनेक्टिविटी से बदलेगा भीलवाड़ा का भविष्य

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उद्योग जगत को दिए विकास और सुविधाओं के बड़े संकेत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान की वस्त्र नगरी के रूप में पहचान बना चुके भीलवाड़ा को अब एयर और रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई सौगात मिलने की उम्मीद जगी है। भारत सरकार के केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को भीलवाड़ा टेक्सटाईल ट्रेड फैडरेशन द्वारा रिको ग्रोथ सेंटर स्थित फैडरेशन भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में कहा कि भीलवाड़ा देश की अग्रणी टेक्सटाईल नगरी है और यहां के उद्योगपतियों की मेहनत, दूरदर्शिता तथा उद्यमशीलता ने इसे राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भीलवाड़ा के समग्र विकास में सबसे बड़ी बाधा एयर एवं रेल कनेक्टिविटी की कमी रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार स्तर पर इन दोनों क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्योग, व्यापार और निर्यात को गति देने के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का विकास समय की मांग है।

समारोह में केंद्रीय मंत्री का स्वागत सांसद दामोदर अग्रवाल एवं फैडरेशन पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री मेघवाल ने बताया कि सांसद दामोदर अग्रवाल उन्हें हमीरगढ़ हवाई पट्टी लेकर गए, जहां उन्होंने वर्तमान व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा को बेहतर एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा रेल नेटवर्क को भी मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे।



केंद्रीय मंत्री ने टेक्सटाईल उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि उद्योग जगत को वित्त मंत्रालय, निर्यात, प्रोसेसिंग अथवा अन्य मंत्रालयों से जुड़े किसी भी मुद्दे को केंद्र सरकार तक पहुंचाने की आवश्यकता होगी, तो वे पूरी संवेदनशीलता के साथ उसे आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने पूर्व में टेक्सटाईल क्षेत्र के लिए लगाए गए टीयूएफएस शिविर का उल्लेख करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर ऐसे शिविर पुनः आयोजित कराए जाएंगे, ताकि उद्योगों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने भीलवाड़ा को मेगा टेक्सटाईल पार्क के लिए सबसे उपयुक्त स्थान बताते हुए कहा कि राजस्थान में यदि मेगा टेक्सटाईल पार्क स्थापित होता है तो भीलवाड़ा का उस पर पहला अधिकार बनता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेगा टेक्सटाईल पार्क की स्थापना से भीलवाड़ा के औद्योगिक विकास, रोजगार और निवेश को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भीलवाड़ा देश की वस्त्र नगरी के रूप में विख्यात है और यहां का लगभग 35 हजार करोड़ रुपये का टर्नओवर तथा हजारों करोड़ रुपये का निर्यात इसकी औद्योगिक क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यहां के उद्यमियों की कार्यक्षमता और दूरदर्शिता ने भीलवाड़ा को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है।



सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि भीलवाड़ा की एयर एवं रेल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि हमीरगढ़ हवाई पट्टी का विकास और नियमित एयर सेवा शुरू होने से जिले के उद्योग, व्यापार और निर्यात क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। साथ ही उन्होंने टेक्निकल टेक्सटाईल एवं चैलेंजिंग मोड आधारित मेगा टेक्सटाईल पार्क के लिए भीलवाड़ा को सर्वाधिक उपयुक्त बताते हुए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

कार्यक्रम में फैडरेशन के संस्थापक सदस्यों एवं उद्योगपतियों ने भी अपने विचार रखते हुए भीलवाड़ा के औद्योगिक विकास, निर्यात संभावनाओं तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर सुझाव प्रस्तुत किए।

इस दौरान विधायक अशोक कोठारी, फैडरेशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेक्रेटरी जनरल अंकित शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम गर्ग, अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, वर्किंग प्रेसिडेंट तिलोक चंद छाबड़ा, संस्थापक सदस्य दिनेश नोलखा, कोषाध्यक्ष मदन गोपाल कालरा तथा श्याम चांडक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर संभावनाओं का किया अवलोकन--**

अभिनंदन समारोह से पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने हमीरगढ़ हवाई पट्टी का दौरा कर वहां की वर्तमान व्यवस्थाओं एवं एयर कनेक्टिविटी की संभावनाओं का जायजा लिया। सांसद दामोदर अग्रवाल ने उन्हें बताया कि बेहतर एयर सेवा शुरू होने से भीलवाड़ा के उद्योग, व्यापार, निवेश और निर्यात गतिविधियों को बड़ा लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भीलवाड़ा जैसे औद्योगिक जिले में आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और केंद्र सरकार इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करेगी।

दौरे के दौरान जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने हवाई पट्टी की वर्तमान व्यवस्थाओं एवं संभावित विकास कार्यों की जानकारी दी। वहीं ड्यून्स एविएशन अकादमी के अकाउंटेबल मैनेजर मुकेश माथुर, सीएसओ जितेन्द्र चैधरी एवं फ्लाइट इंस्ट्रक्टर कैप्टन पुगा ने प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी साझा की।

## QUICK BITES

# गुर्जर समाज का विशाल शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वाधान में 26 मई को टाउन हॉल नगर निगम भीलवाड़ा में जिला कार्यकारिणी शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में समाज की एकता, शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने बताया कि समारोह में शिक्षा, खेल, प्रशासनिक सेवाओं व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाना ने समाजजन से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरधन भाई झडफिया रहेंगे। मुख्य वक्ता बच्चू सिंह बैंसला होंगे। वहीं उदयलाल भड़ाना, धीरज गुर्जर सहित कई राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# साइकिल रैली निकालकर दिया ईंधन बचाने का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाओ पहल के तहत रविवार सुबह नगर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई के सानिध्य एवं सीआई घनश्याम मीणा के नेतृत्व में पुलिस थाना परिसर से सुबह 6 बजे रैली को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल रैली नई आबादी, अस्पताल रोड, स्टेच्यू सर्किल व कोर्ट रोड होते हुए सर्किट हाउस पहुंची। इस दौरान विधायक ने कहा कि विश्व में ईंधन संकट का दौर चल रहा है, ऐसे में सभी को ईंधन की खपत कम करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने आमजन से बिना जरूरत यात्रा नहीं करने तथा आवश्यक होने पर ही वाहनों का उपयोग करने की अपील की।

# श्रमदान कर पो की सफाई, 319वें सप्ताह में पहुंचा अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**परमेश्वर**

अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की ओर से सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर श्रमदान अभियान निरंतर जारी है। तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि रविवार सुबह बनेड़ा-सुल्तानगढ़ चौराहे पर कजोड़ वाटिका के बाहर तथा सुल्तानगढ़ क्षेत्र में सोलह ढाणा की बावड़ी, पो कोडलाई, श्मशान घाट व अमरपुरा तंवरा का खेड़ा स्थित पो की सफाई की गई।

कार्यकर्ताओं ने पो को खाली कर उसमें जमा मलवा व काई को साफ किया। इसके बाद पानी से धुलाई कर कल्ली की पुताई की गई। अभियान में क्षेत्र के कई कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

# थानाधिकारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में निकाली गई 'संडे ऑन साइकिल' रैली

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**




फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार सुबह 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन थानाधिकारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सीएलजी सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सुबह करीब 6:30 बजे आयोजित इस अभियान में सभी प्रतिभागी साइकिल के साथ निर्धारित स्थान पर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने कहा कि साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है और प्रदूषण भी कम होता है। ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हैं। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई, जहां प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ अभियान में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# तेजाजी मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक, आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**सांवर वैष्णव।** जाटों का सोपुरा गांव स्थित नवनिर्मित तेजाजी महाराज मंदिर में चल रहे पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ एवं स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव के चौथे दिन रविवार को धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान स्थापित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर तेजाजी महाराज की मूर्ति एवं स्वर्ण कलश का सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। ज्योतिषाचार्य अम्बालाल जाट आरजिया ने बताया कि यज्ञाचार्य मुरलीधर शर्मा एवं पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई गई। पांच हवन कुंडों पर 41 जोड़ों ने पुरुष सूक्त की 23,600 आहुतियां दी। वहीं तेजाजी महाराज की मूर्ति का जलाधिवास, दुग्धाधिवास एवं शय्याधिवास भी कराया गया। शनिवार रात भुरालाल एंड पार्टी ने अलगोजा की धुन पर तेजा गायन की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे तथा महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। महोत्सव के तहत सोमवार सुबह तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, घोड़ी स्थापना एवं मंदिर शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापना की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।